तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 24.5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार 27 जुलाई 2026

12 फर्जी जीपीए से कौड़ियों के भाव बेची फिलाडेल्फिया अस्पताल की जमीन



12 मन की बात से पीएम ने उपलब्धियों का किया जिक्र



## खबर संक्षेप

### तीन युवकों को रास्ते में रोक कर किया हमला

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र के गांव मिजापुर में रंजिश के चलते कुछ लोगों ने तीन युवकों को रास्ते में रोक कर उन पर डंडों व तलवारों से हमला कर दिया। हमले में तीनों युवक घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद 10 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव मिजापुर निवासी रोहित कुमार ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही सोमनाथ व गुरप्रीत के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे।

### दुकान के बाहर रखा हजारों रुपये का सामान चोरी

**यमुनानगर।** शहर के मॉडल टाउन स्थित बंजारा दुकान के बाहर से चोरों ने हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार न्यू हमीदा कालोनी निवासी वास्व छाबड़ा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मॉडल टाउन में बंजारा के नाम से दुकान है। शनिवार को दोपहर दो बजे उसने दुकान के बाहर ब्रांडिंग का सामान रखा हुआ था। चोरों ने दुकान के बाहर से उक्त सामान चोरी कर लिया।

### नशा तस्कर को हेरोइन के साथ किया गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेश नगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक नशा तस्कर को हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने में सफलता हासिल की है। जांच टीम को नशा तस्करी की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांव चांदपुरा मोड़ के पास से आरोपी को धर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 18 ग्राम 20 मिलीग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई। पकड़े गए आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना महेश नगर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### कक्षा नौ की किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**पानीपत।** पानीपत के पुराना औद्योगिक थाना क्षेत्र में स्थित स्कूल में कक्षा नौ में शिक्षित हो रही 14 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई है। आरोपी युवक कपिल, छात्रा को स्कूल छोड़ने के बहाने अपनी बाइक पर बैठाकर जबरन एक होटल में ले गया। कपिल ने होटल के कमरे में किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इधर, पुराना औद्योगिक थाना पुलिस ने लडकी के बयान दर्ज किए और उसकी मेडिकल जांच करवाई। पुलिस ने आरोपी कपिल पर पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। वहीं आरोपी फरार है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

## जिला के प्लाइवुड उद्योगों के प्रतिनिधियों ने जगाधरी के एक होटल में सीएम के साथ किया संवाद

# हरियाणा के उद्योगों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना सरकार का विजन: नायब

### मानकपुर में बना रहे मेटल एवं जनरल पार्क यूवाओं को मिलेंगे रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश के उद्योगों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना राज्य सरकार का विजन है। उन्होंने उक्त शब्द जगाधरी के सफायर होटल में आयोजित जिला के प्लाइवुड उद्योग संचालकों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए कहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार का विजन हरियाणा के उद्योगों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करना है। यमुनानगर न केवल हरियाणा की बल्कि पूरे भारत की प्लाईवुड कैपिटल है। वित्त वर्ष 2023-24 में राज्य का कुल औद्योगिक उत्पादन 11.08 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष जुलाई 2025 में तंजानिया के 49वें दारएससलाम अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हमारे प्लाइवुड उद्योगों के प्रतिनिधियों ने जिस मजबूती के साथ भाग लिया। जो ग्लोबल दृष्टिकोण का एक शानदार उदाहरण है। यमुनानगर के उद्यमी राजेश कुमार, निखिल गर्ग और शिव कुमार ने तंजानिया के माफिंगा क्षेत्र में निवेश कर ग्रीन इमपेक्स लिमिटेड नामक कंपनी पंजीकृत की है। विदेशी धरती पर प्लाइवुड विनिर्माण के लिए उठाया गया यह कदम अन्य उद्यमियों के लिए भी प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों की स्थिति सुधारने और इन्हें विश्वस्तरीय बनाने के लिए हरियाणा सरकार ने बजट 2026-27 में 500 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि से सक्षम नाम के एक विशेष फंड की स्थापना की है। इससे यमुनानगर सहित अन्य औद्योगिक क्षेत्रों का कायाकल्प किया जाएगा। साथ ही महंगी औद्योगिक जमीन की समस्या को दूर करने के लिए लैंड ऑन लीज नीति बनाई गई है। इससे दीर्घकालीन लीज पर प्लॉट मिल सकेंगे और जरूरत पड़ने पर फ्री होल्ड कराने की सुविधा भी मिलेगी। उद्यमशीलता को नई गति देने के लिए सरकार ने गत एक जून से नई औद्योगिक नीति लागू की है।




**यमुनानगर।** के सफायर होटल में आयोजित संवाद कार्यक्रम में प्लाइवुड उद्योगो के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### मुख्यमंत्री ने उद्योगों के लिए नई प्रोत्साहन घोषणाएं की

मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से संवाद करते हुए कहा कि यदि आप स्थानीय युवाओं को रोजगार देते हैं तो सरकार 10 वर्षों तक प्रति कर्मचारी एक लाख रुपये प्रति वर्ष की रोजगार सृजन सब्सिडी देगी। महिलाओं, अनुसूचित जाति वर्ग, दिव्यांगजन और अग्निवीरों को रोजगार देने पर यह राशि 1 लाख 20 हजार रुपये प्रति वर्ष होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से भर्ती करने वाली इकाइयों को नियोक्ता और कर्मचारी, दोनों के ईपीएफ अंशदान की पूरी प्रतिपूर्ति सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जो इकाइयां 80 प्रतिशत से अधिक निर्यात करेंगी। उन्हें प्रस्तावित उड़ान द्वार पोर्टल पर विशेष मान्यता देने की सरकार की योजना है। सरकार ने संकल्प लिया है कि यदि उद्योग विभाग की ओर से पात्र प्रोत्साहन भुगतान में देरी होती है तो उद्यमियों को देरी से भुगतान पर 8 प्रतिशत वार्षिक दर से ब्याज भी दिया जाएगा। सरकार ने संकल्प पत्र में औद्योगिक बुनियादी ढांचे पर सब्सिडी प्रदान कर जगाधरी शहर के धातु उद्योग को पुनर्जीवित करने का एक मास्टर प्लान बनाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि जगाधरी में मेटल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए मानकपुर में एक मेटल एंड जनरल पार्क बनाया जा रहा है। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व एमएसएमई के संयुक्त निदेशक वीपी सिंह आहलुवालिया द्वारा इंडस्ट्री के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं, लघु उद्योग भारती के राज्य प्रधान रमन सलूजा द्वारा इंजीनियरिंग इंडस्ट्री व अरकिंदर पाल सिंह भट्टी द्वारा मैटल इंडस्ट्री पर जानकारी प्रदान की गई।

## अंत्योदय परिवार उत्थान योजना आशाओं, अवसरों और आत्मनिर्भरता का है मेला : नायब सिंह सैनी

**लाडवा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत प्रदेशभर में लगने वाले अंत्योदय मेले आशाओं, अवसरों और आत्मनिर्भरताओं के मेले है। इन अंत्योदय मेलों के माध्यम से सरकार का प्रयास है कि विकास के लाभ उन लोगों तक पहुंचाया जाए, जो दशकों से उपेक्षित रहे है। इन मेलों के एक मंच पर ही 19 विभागों की 47 योजनाओं का लाभ सीधा पात्र लाभार्थी को दिया जा रहा है। अहम पहलू यह है कि प्रदेश में अब तक 166 जगहों पर अंत्योदय मेलों का आयोजन किया जा चुका है। इन मेलों में 4 लाख 24 हजार 278 परिवारों को आमंत्रित भी किया गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को लाडवा के आईजीएन कॉलेज में जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत आयोजित अंत्योदय मेला में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना मेले का उदघाटन किया और इस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के लाभ देने के लिए लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव गोबिंदपुरा निवासी लाभार्थी ताराचंद को पीएम स्ट्रीट वैंडर योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पौधा भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लाड़वा में आज अंत्योदय परिवारों की आशाओं का मेला लगा है, अवसरों का मेला लगा है, आत्मनिर्भरता का मेला लगा है। आज सरकार स्वयं चलकर उस गरीब जरूरतमंद परिवार के पास पहुंची है, जो अपने अधिकार और अवसर की प्रतीक्षा कर रहा है। यह अंत्योदय मेला उस संकल्प का जीवंत स्वरूप है, जिसमें सरकार की प्रत्येक योजना, प्रत्येक संसाधन और प्रत्येक प्रयास अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के लिए है।



**लाडवा।** अंत्योदय मेले का अवलोकन करते मुख्यमंत्री।

### प्रदेश में अब तक 166 स्थानों पर अंत्योदय मेलों का सफल आयोजन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के पहले चरण में उल्लेखनीय यात्रा तय की है। प्रदेश में अब तक 166 स्थानों पर अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया है। इन मेलों के दौरान 4 लाख 24 हजार 272 परिवारों का आमंत्रित किया गया और 1 लाख 88 हजार 792 परिवार मेलों में पहुंचे। इनमें से 1 लाख 52 हजार 157 परिवारों को विभाग के पास भेजा गया। उन्होंने कहा कि अब तक 55 हजार 422 पात्र लाभार्थियों तक आजीविका के लाभ पहुंचे है।

### 40 लाख परिवारों के बनाए बीपीएल कार्ड

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं को परिवार पहचान-पत्र से जोड़ा है। घर बैठे ऑटो मोड में अब तक 40 लाख परिवारों के बीपीएल कार्ड बनाए। गरीब परिवार को मुफ्त चिकित्सा सुविधा देने के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना-चिरायु योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज किया जाता है।

## चावल तोल में फर्जी एंट्री से 3.34 लाख का लगाया चूना, पांच पर दर्ज हुआ केस

- धर्मकांटे पर पर हुआ ठगी का खेल, ऑप्रेटर ने ट्रक चालकों के साथ मिलकर की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ओएसिस एथेनॉल इंडस्ट्रीज के धर्मकांटे पर हेराफेरी कर लाखों रुपये के चावल की चोरी का मामला सामने आया है। कंपनी के धर्मकांटा ऑपरेटर ने ट्रक चालकों व मालिकों के साथ सांठगांठ कर ट्रकों में लदे चावल को कहीं दूसरी जगह उतरवा लिए। शातिरों ने कांटे के रिकॉर्ड में फर्जी एंट्री करके कंपनी को करीब 3.34 लाख का आर्थिक नुकसान पहुंचाया। एसपी के आदेश पर आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद पंजोखरा थाना पुलिस ने पांच आरोपियों विवेक कुमार, कुलबीर सिंह, सुशील, आनंद, प्रवीण कुमार पर केस दर्ज किया है। ओएसिस एथेनॉल इंडस्ट्रीज के उप महाप्रबंधक अजय तोमर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 23 जून को एफसीआई द्वारा उनकी फैक्टरी में चावल की आपूर्ति की गई थी। सामग्री और वजन की सत्यता जांचने के लिए कंपनी प्रबंधन ने 24 जून को कुछ गाड़ियों का औचक निरीक्षण किया। उनका दोबारा वजन कराया। जैसे ही जांच शुरू हुई तो संदिग्ध ट्रकों के चालक अपने वाहन फैक्टरी परिसर में छोड़कर मौके से भाग गए।जांच ओर कांटा कराने पर कुल 13.38 मीट्रिक टन चावल कम पाया गया। एक ट्रक के रिकॉर्ड में वजन 38.190 एमटी दर्ज था जबकि वास्तविक वजन केवल 30.290 एमटी निकला। इस तरह से तीन ट्रकों में चावल कम था। इससे 3.34 लाख की ठगी हुई है। आर्थिक अपराध शाखा की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि कंपनी के वेब्रिज ऑपरेटर विवेक कुमार ने धर्मकांटे की कंप्यूटर प्रणाली के साथ छेड़छाड़ की थी। उसने ट्रक चालकों व मालिकों के साथ मिलकर ट्रकों में लदा चावल रास्ते में ही कहीं ओर उतरवा लिया था।

## इसराना से लापता 2 बच्चियां चार घंटे में मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में इसराना थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसराना की पुरानी अनाज मंडी क्षेत्र से लापता हुई 2 बच्चियों को 4 घंटे के भीतर सकुशल ढूंढ निकाला। पुलिस ने दोनों 8 वर्षीय बच्चियों को उनके परिजनों को सौंप दिया।

थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर हरिराम ने बताया कि 25 जुलाई की रात जयपाल नामक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। जयपाल मूल रूप से उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के लक्ष्मणपुर गांव का निवासी है और इसराना की पुरानी अनाज मंडी में टीन शेड के नीचे झुग्गी बनाकर परिवार सहित रहता है।



### किसान भवन पर ठंडा पानी लेने गई थीं

शिकायत में बताया गया कि उसके साथ गांव का ही धर्मेंद्र भी अपने परिवार सहित रहता है। 25 जुलाई को शाम करीब 4:00 बजे जयपाल की 8 वर्षीय बेटी और धर्मेंद्र की 8 वर्षीय बेटी किसान भवन पर ठंडा पानी लेने गई थीं। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन दोनों बच्चियों का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

### पानीपत के संजय चौक से सकुशल बरामद किया

शिकायत मिलते ही प्रभारी इंस्पेक्टर हरिराम ने तुरंत कंट्रोल रूम को सूचित किया और पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित कीं। संभावित स्थानों पर सघन सर्च अभियान चलाया गया और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की भी जांच की गई। रात करीब 1:00 बजे थाना शहर पुलिस ने दोनों बच्चियों को पानीपत के संजय चौक से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद बच्चियों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया गया। बच्चियों ने बताया कि वे खेलते-खेलते इसराना बस स्टैंड तक पहुंच गई थीं। वहां एक बस आकर रुकी तो वे दोनों उसमें बैठ गईं और पानीपत पहुंच गईं।

## बांसो गेट के पास स्कूटी फिसलने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

- इलाज के दौरान तोड़ा दम, मृतक की पहचान 35 वर्षीय रोकेश कुमार के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

शहर के बांसो गेट के पास स्कूटी फिसलने से गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा शनिवार देर रात करीब एक बजे हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया, जहां रविवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान 35 वर्षीय रोकेश कुमार निवासी करनाल के रूप में हुई है। वह अविवाहित था और शहर में सामान सप्लाई (बिलिंग) का कार्य करता था। परिजनों के अनुसार रोकेश शनिवार देर रात अपनी स्कूटी पर बांसो गेट के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान अचानक स्कूटी फिसल गई और सड़क पर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के समय उसके साथ एक अन्य युवक भी स्कूटी पर सवार था, जिसे मामूली चोटें आईं। मृतक के भाई पंकज कुमार ने बताया कि उन्हें करीब साढ़े तीन बजे फोन पर हादसे की सूचना मिली।

## दिनदहाड़े 10 ग्राम सोने का बिस्कुट झपटकर फरार, मेन बाजार में वारदात से दहशत

- अब आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस खंगाल रही है सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मेन बाजार स्थित गौतम ज्वेलर्स में रविवार दोपहर दिनदहाड़े हुई एक स्नेचिंग की वारदात ने कस्बे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। दो शातिर युवक एक सुनार को बातों में उलझाकर करीब 1.43 लाख मूल्य का 10 ग्राम सोने का बिस्कुट झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद बाजार में हड़कंप मच गया, जबकि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित दुकानदार गौतम ने बताया कि दोपहर करीब 2 बजे दो युवक उनकी दुकान पर पहुंचे। एक युवक बाहर मोटरसाइकिल पर खड़ा रहा जबकि दूसरा दुकान के अंदर आया। पहले उसने सोने की चेन के बारे में पूछताछ की। फिर अचानक सोने के बिस्कुट की मांग की। दुकानदार ने उसे बताया कि उसके पास 10 ग्राम का सोने का बिस्कुट मिल जाएगा जिसकी कीमत 1.43 लाख है। युवक ने कीमत सुनकर बिस्कुट पैक करने के लिए कह दिया। पीड़ित दुकानदार की मानें तो जब वह सोने का बिस्कुट पैक कर रहा था तो युवक ने उससे कहा कि वह ऑनलाइन पेमेंट करेगा। दुकानदार ने उसे स्कैनर से भुगतान करने के लिए कहा। इसी दौरान जब दुकानदार भुगतान होने का इंतजार करते हुए पैकिंग करने में व्यस्त था तभी आरोपी उसके हाथ से सोने का बिस्कुट झपट कर दुकान से बाहर भाग निकला। बाहर पहले से ही तैयार उसका साथी मोटरसाइकिल पर इंतजार कर रहा था। दोनों आरोपी कुछ ही देर में मौके से फरार हो गए। दुकानदार के बेटे ने तुरंत ₹चोर-चोर₹ का शोर मचाकर उनका पीछा करने की कोशिश की, लेकिन तब तक दोनों युवक मौके से भाग चुके थे।

## सीएम ईईई योजना में पानीपत के 11 राजकीय स्कूलों का चयन

- चयनित स्कूलों में कक्षा पहली की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से कराई जाएगी, लडके व लडकियां एक साथ शिक्षित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हरियाणा सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसी कड़ी में, सरकार ने चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश स्कूल्स (सीएम ईईई) स्कूलों की सूची जारी की है। इस योजना के तहत, पानीपत जिले के 11 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया है। चयनित विद्यालयों में खंड इसराना से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बुआना लाखु और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव मांड़ी शामिल हैं। पानीपत खंड से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिवाह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव काबड़ी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव चंदौली को चुना गया है। जबकि खंड समालखा से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव किवाना और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव हथवाला का चयन हुआ है। जबकि खंड मतलौड़ा से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव नारा और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिठाना को शामिल किया गया है।

## पंचायत विवाद में सरपंच पर एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज

- समझौता बैठक के दौरान विवाद बढ़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के मोहड़ी गांव में पंचायत के दौरान मारपीट, जातिसूचक शब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने सरपंच कर्मबीर के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार कैथल जिले के गांव रयोंग निवासी वेदपाल ने शिकायत दी कि उसकी बेटी उषा की शादी वर्ष 2016 में गांव मोहड़ी में हुई थी। कुछ समय पहले बेटी और उसके ससुराल पक्ष के बीच विवाद हो गया था। 25 मई को वेदपाल और उसका भाई सुरेंद्र दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के लिए मोहड़ी गांव पहुंचे थे।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि पंचायत के दौरान गांव के सरपंच कर्मबीर ने सुरेंद्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर वेदपाल के साथ भी बदसलूकी की गई और जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित किया गया। आरोप है कि सरपंच ने जान से मारने की धमकी देते हुए लड़की को छुड़वाने और लड़के की दूसरी शादी करवाने की बात भी कही।

### ग्राम सचिवों को सचिवालय में बैठकर काम करने के दिए निर्देश

## 31 मार्च तक सभी गांवों में लाइब्रेरी और शिवधाम निर्माण पूरा होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल। केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने जिला परिषद सभागार में जिले के 40 गांवों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत चल रहे नौ प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 31 मार्च तक जिले के सभी गांवों में प्राथमिकता के आधार पर लाइब्रेरी और शिवधाम का निर्माण पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के कार्यों को भी अपने निजी कार्यों की तरह गंभीरता से लें। लाइब्रेरी, शिवधाम, गांव की फिरनी, स्ट्रीट लाइट, व्यायामशाला, ग्राम सचिवालय, सीवरेज, स्कूल कनेक्टिविटी, कमरे, चारदीवारी और शौचालय जैसे कार्य भले छोटे दिखाई दें, लेकिन आम जनता की सुविधा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मनोहर लाल ने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों के पास पर्याप्त फंड हैं, वहां पंचायतों के सहयोग से कार्य कराए जाएं, जबकि अन्य विकास कार्य सरकार, सांसद निधि, विधायक निधि और डी-प्लान के माध्यम से पूरे किए जाएं। उन्होंने विकास कार्यों की अनुमानित लागत का सही आकलन करने तथा कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं भाजपा नेता अमरनाथ सौदा को जिले में बन रहे शिवधामों की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### ग्राम सचिव सचिवालय में ही बैठें

मनोहर लाल ने कहा कि ग्राम सचिवालय बनने के बावजूद कुछ ग्राम सचिव सरपंचों के घर से काम कर रहे हैं, जो उचित नहीं है। उन्होंने उपायुक्त को निर्देश दिए कि सभी ग्राम सचिव ग्राम सचिवालय में बैठकर ही पंचायत का कार्य करें। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि करनाल जिले की 395 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। पिछली समीक्षा बैठक की तुलना में इस बार प्रगति बेहतर मिली है और विकास कार्यों के लिए बजट की कोई कमी नहीं है। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत करते हुए आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का गंभीरता से पालन कर विकास कार्यों को निर्धारित समय में पूरा कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल सम्मेलन के युवा प्रधान बने गौरव



**करनाल।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन ने गौरव गोयल को करनाल का जिला युवा प्रधान नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल और हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष विपिन गोयल से विचार-विमर्श के बाद जिला प्रधान सुनील गोयल ने नियुक्ति आदेश जारी किए। नियुक्ति पर गौरव गोयल ने राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाया जाएगा।

### सुंदरकांड पाठ 28 को श्रद्धालुओं को आमंत्रण



**तरावड़ी।** शहर के भगत सिंह चौक पर हर माह के अंतिम मंगलवार को आयोजित होने वाला धार्मिक कार्यक्रम इस बार 28 जुलाई मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। भगत सिंह मार्केट एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में 15वां सुंदरकांड पाठ किया जाएगा, जिसका समय शाम 4 बजे से 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। जानकारी देते हुए भगत सिंह चौक मार्केट एसोसिएशन के सचिव सुरेश गुप्ता, प्रभारी जोगिंदर आहूजा ने बताया कि यह सुंदरकांड पाठ प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से किया जाता है। इसमें शहर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं और हनुमान जी की भक्ति में लीन होकर सुंदरकांड का पाठ करते हैं। उन्होंने सभी शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन का लाभ उठाएं और पुण्य के भागी बनें। कार्यक्रम के दौरान भक्तों के लिए उचित व्यवस्थाएं भी की जाएंगी।

### महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री के प्रधान बने आनंद



**इंद्री।** महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री की बैठक महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अमित गोयल ने की व मंच का संचालन जगदीश गोयल ने किया। इस मौके पर आगामी दो वर्षों के लिए सभा के प्रधान एवं उप प्रधान का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। बैठक में उपस्थित अग्रवाल समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति से महाराजा अग्रसेन सभा इंद्री का प्रधान आनंद जिंदल को व डॉ. पासाराम जिंदल को उपप्रधान चुना। दोनों पदाधिकारियों के चयन पर समाज के लोगों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। नवनियुक्त प्रधान आनंद जिंदल ने कहा कि समाज के लोगों ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अग्रवाल समाज की एकता को मजबूत करना, समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने सुनी मन की बात, सुनीं समस्याएं

# अंत्योदय परिवारों को दिया आत्मनिर्भर बनाने का संदेश

- पूर्व मंत्री शशिपाल मेहता का जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल प्रवास के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136 वें संस्करण का श्रवण किया, आम जनता एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं, पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता का हालचाल जाना तथा पंचायत भवन में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 के प्रथम चरण के एक दिवसीय अंत्योदय मेले का शुभारंभ किया।

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में 'मन की बात' कार्यक्रम सुनने के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कारगिल विजय के अमर वीरों के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और राष्ट्रनिष्ठा को नमन करते हुए देशवासियों को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने का प्रेरक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि कारगिल के वीर सैनिकों का शौर्य और बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा।

इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में करनाल लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए।

करनाल प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एक निजी अस्पताल पहुंचकर हरियाणा के पूर्व उद्योग मंत्री शशिपाल मेहता से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ और दीर्घायु की कामना की। मनोहर लाल ने कहा कि शशिपाल मेहता ने मुख्यमंत्री बंसी लाल के कार्यकाल में प्रदेश के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा एक समाजसेवी के रूप में हमेशा लोगों के सुख-दुख में सहभागी रहे हैं। उन्होंने शशिपाल मेहता के सुपुत्र एवं पार्षद संजीव मेहता का भी



करनाल। पीएम मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम सुनते केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक जगमोहन आनंद, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, विधायक योगेंद्र राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कवींद्र राणा, मेयर रेणु बाला गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र, भाजपा नेता बृज गुप्ता, भाजपा नेता अशोक भंडारी, डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा, नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा, एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसपी नरेंद्र बिजराणिया, एसडीएम देवेंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# नगर खेड़ा महाराज के चरणों में महापौर रेणु ने टेका मत्था

- सामाजिक समरसता और सेवा का दिया संदेश, दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

मॉडल टाउन स्थित दयानंद कॉलोनी में रविवार को दयानंद नगर खेड़ा समिति द्वारा आयोजित पावन हवन एवं विशाल भंडारे में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

उन्होंने नगर खेड़े महाराज के श्रीचरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही हवन में पूर्ण भक्तिभाव से आहुति अर्पित करते हुए श्रद्धालुओं के साथ धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होकर आस्था, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश दिया।

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल पूजा-अर्चना तक सीमित नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने, सेवा की भावना को सशक्त बनाने और हमारी सनातन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं। ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता, आपसी सौहार्द, सहयोग और मानवता के मूल्यों को मजबूत करते हैं तथा समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान महापौर ने पवन कांबोज, मांगे राम, बाबू राम, गिन्नी विर्क और संदीप शर्मा सहित अन्य गणमान्य वरिष्ठजनों एवं सम्मानित नागरिकों से आत्मीय भेंट कर उनका अभिवादन किया तथा सामाजिक विषयों पर संवाद किया।



करनाल। दयानंद कॉलोनी में आयोजित हवन एवं विशाल भंडारे में आहुति अर्पित करतीं महापौर रेणु बाला गुप्ता।

## विकास के साथ स्वच्छता को भी मिली नई पहचान



तरावड़ी। सौंकड़ा में सफाई अभियान में हिस्सा लेते सरपंच प्रतिनिधि भूपेंद्र लाडी।

तरावड़ी। ग्राम पंचायत सौंकड़ा गांव को स्वच्छ, सुंदर और विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए लगातार सराहनीय कार्य कर रही है। गांव में एक ओर जहां विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं, वहीं स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी समान प्राथमिकता दी जा रही है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत की ओर से विशेष सफाई अभियान चलाया गया तथा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर गांव को हराभरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सौंकड़ा के सरपंच प्रतिनिधि एवं सरपंच एसोसिएशन के प्रधान भूपेंद्र सिंह लाडी ने अभियान में पहुंचकर सफाई कर्मियों और सहयोग करने वाले ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव की असली पहचान केवल विकास कार्यों से नहीं, बल्कि उसकी स्वच्छता, हरियाली और जागरूक नागरिकों से होती है। इस अवसर पर रेशम तोथड़, गुरप्रताप विर्क, जोनी, लैफटेन हंजरा, सदस्य एडवोकेट अमृत सिंह, सदस्य बलवंत कुमार, सदस्य मोनू विर्क, सदस्य फौजी कुलदीप, सदस्य प्रदीप कुमार, सदस्य संजीव कुमार, रवि विर्क सहित पंचायत के सदस्य, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## देवशयनी एकादशी मनाई



तरावड़ी। नत्था सिंह नगर में श्री खाटू श्याम मंदिर में देवशयनी एकादशी बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। शनिवार सायं को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। देर रात तक मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। देवशयनी एकादशी के उपलक्ष्य में कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भजन गायिका कोमल गौरी शाहबाद व ईश्वर जांगड़ा ने श्याम बाबा के भजनों से गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को देवशयनी एकादशी महत्व बताया गया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु नाचने पर मजबूर हों गये। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के अध्यक्ष विनित बंसल, अशोक बंसल, नितेश मंगल, सहित मन्दिर सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

# कारगिल के अमर शहीदों की स्मृति में एनसीसी कैडेट्स ने लगाए पौधे

- कारगिल विजय दिवस पर कॉलेज में प्रेरणादायी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरु नानक खालसा कॉलेज की एनसीसी इकाई द्वारा कारगिल विजय दिवस श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कुल 22 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता की। कार्यक्रम कर्नल दीपक शर्मा, कमांडिंग ऑफिसर, 7 हरियाणा एनसीसी बटालियन, करनाल के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रयास एक शुरुआत के अध्यक्ष संजीव शर्मा मुख्य अतिथि तथा गुरु नानक खालसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. चुहड़ सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. बीर सिंह, डॉ. प्रीति पंवार, डॉ. कृष्ण अरोड़ा, डॉ. कृष्ण राम, डॉ. दीपक, डॉ. महाबीर, प्रोफेसर चेष्टा, डॉ. जितेंद्र पाल, प्रोफेसर अशोक चड्ढा, प्रोफेसर कीर्ति, आदि उपस्थित रहे।



करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज में शहीदों की स्मृति में पौधरोपण करते अतिथि

## तरावड़ी : खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

# प्रताप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने दिखाया दमखम

- स्कूल के चेयरपर्सन हन्नी चौधरी ने विद्यार्थियों की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

प्रताप पब्लिक स्कूल तरावड़ी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ यदि लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जाएं, तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। हाल ही में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर अनेक प्रतिस्पर्धाओं में जिला स्तर अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 के अंतर्गत चयनित हुए। इस दौरान 100 मीटर दौड़ अंडर 19 में मारिया, नवकिरत कौर, 200 मीटर दौड़ अंडर 14 अदिति कुमारी कक्षा 6, अंडर 19 में मारिया, शॉट पुट अंडर 14 में सिद्धि, अंडर 17 में तकदीर कौर, अंडर 19 में गरिमा, शौर्य उपाध्याय, शतरंज अंडर-14 में गौरी सिंह, भाविक उत्तरेजा, वेदांती, पूर्वी, अंडर 17 में स्वरा गोयल, डिंपल, अर्शनूर, तकदीर कौर, लविश, यशवी, अंडर 19 गरिमा प्रियंका (कक्षा 11 वाणिज्य), हर्षा, घनश्याम सिंह, मनवीर सिंह, प्रणव गौर, अभय संधान, शौर्य उपाध्याय, आराध्या, ताइक्वांडो अंडर 14 में गुलशन कुमार, छवि रानी, गुरकीरत कौर, हमराज, विहाना, लविश केश्वर, मुस्कान, अर्शिया, अंडर 17 में खुशी आनंद, सौम्या शर्मा, अवियांश पल्याण, अक्षरा, प्रियांशु, दिव्यम, अंडर 19 में अर्शनूर, अंशिल सिंह, जयन, बैडमिंटन में नवकिरत कौर, सोनाक्षी, डिस्कस थ्रो अंडर 14 में भावना, वृद्धि चौहान का चयन हुआ। स्कूल के चेयरपर्सन हन्नी चौधरी ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक कौशल का विकास होता है। खेलों के माध्यम से नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के अवसर प्रदान होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका पिथि चौधरी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, कि जीवन की दौड़ में वही आगे बढ़ता है जो अपने आत्मविश्वास और परिश्रम पर विश्वास रखता है। हमारे विद्यार्थियों ने केवल खेलों में नहीं, बल्कि आत्मनियंत्रण, अनुशासन और सम्मान के क्षेत्र में भी विजय प्राप्त की है। यह हमारे विद्यालय की श्रेष्ठ परंपरा का प्रतीक है। वहीं प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों और शिक्षकों के सहयोग का भी प्रतिफल है।



तरावड़ी। खेल प्रतियोगिता में विजयी हासिल करने वाले प्रताप स्कूल के विद्यार्थी।

### स्पीकर कल्याण ने मन की बात कार्यक्रम सुना

**घरौंडा।** स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने आज घरौंडा विधानसभा के गांव संभालखा के बूथ संख्या 97 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीणों के साथ स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने मन की बात कार्यक्रम सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा बरसाती पानी को संचयन करने, पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करना तथा भारी तादात में पौधारोपण करने को लेकर देश भर में 4जुलाई से विशेष अभियान चलाया गया है।गाँव,शहर, पंचायत या समाजिक संस्थाओं को इसमें बढ़ चढ़ कर भागीदारी करना गर्व की बात है। उन्होंने कहा हमे पानी की एक-एक बूंद बचाना चाहिए, कामनवेल्थ गेम के लिए सभी को शुभकामनाएं, देश भर में चलाए गए अभियान एक पेड़ माँ के नाम लोग प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, आज का लगाया एक पौधा आने वालों पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का काम करेगा।

## न्यूज डायरी

### 11 अगस्त की रैली की तैयारियों पर मंथन




निसिंग में आयोजित बैठक में आगामी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा करते सर्व कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ की ब्लॉक कमेटी निसिंग की बैठक पब्लिक हेल्थ कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान अशोक भाटिया ने तथा संचालन ब्लॉक सचिव नरेश कुमार ने किया। बैठक में जिला सचिव सेवाराम बड़सर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक नगर पालिका कर्मचारी संघ और फायर कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में प्रस्तावित प्रदर्शन और ज्ञापन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बुलाई गई। वक्ताओं ने कहा कि 11 अगस्त को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ओर से सेक्टर-12 स्थित फव्वारा पार्क में कच्चे कर्मचारियों को कोर्ट के आदेश के अनुसार पक्का करवाने की मांग को लेकर बड़ी रैली आयोजित की जाएगी। जिला सचिव सेवाराम बड़सर ने कहा कि जिन कर्मचारियों को कार्य करते हुए 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं, उन्हें बिना किसी शर्त के नियमित किया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार न्यायालय के आदेशों की भी पालना नहीं कर रही और लगातार कर्मचारी विरोधी फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि सर्व कर्मचारी संघ कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय नहीं होने देगा। बैठक में जरनैल सिंह, नरेश रोड, सेवाराम बड़सर, अशोक भाटिया, सुरेश शर्मा, बीरभान, राजेश शर्मा, पारस और बलविंदर कुमार मौजूद रहे।

### श्री राम मंदिर में भोलेनाथ का भव्य शृंगार



करनाल। श्री राम मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक में शामिल श्रद्धालु।

**करनाल।** सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में भगवान शिव शंकर उमापति महेश का भव्य श्रृंगार किया गया। श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का पंचामृत से अभिषेक कर दूध, दही, घी, शहद और शक्कर अर्पित किए। भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल, भस्म, अभ्रक और अक्षत अर्पित किए गए। आकर्षक श्रृंगार के बाद भोलेनाथ का स्वरूप काशी विश्वनाथ की भांति सुशोभित दिखाई दिया। पूरे अनुष्ठान को पंडित अनिल द्विवेदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। अनु खट्टर ने 'जन्म-जन्म का साथ है तुम्हारा हमारा', वीना ग्रोवर ने 'तेरे चरणा विच मेरी अरदास दाता' तथा संगीता बत्रा ने 'भोले तेरे भरोसे मेरा परिवार है' भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। सायंकाल मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड पाठ किया। मुरारी लाल बत्रा ने बताया कि 30 जुलाई से 28 अगस्त तक सावन मास के दौरान प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सर्वेश दत्ता, संतोष दत्ता, दलीप गांधी, रविंद्र बत्रा, संजीव ढींगरा, उषा ढींगरा, मुरारी लाल बत्रा, चंद्र बत्रा, तरसेम गुप्ता, ऊषा बत्रा और पवन धमीजा मौजूद रहे।

### छात्रों के संघर्ष को बताया लोकतंत्र की जीत

**करनाल।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला कमेटी ने पेपर लीक के खिलाफ संघर्ष करने वाले छात्रों और युवाओं को बधाई देते हुए इसे लोकतंत्र की महत्वपूर्ण जीत बताया है। जिला सचिव जगपाल राणा ने जारी बयान में कहा कि पेपर लीक के कारण 22 छात्रों ने आत्महत्या जैसा दुखद कदम उठाया था। छात्रों और युवाओं के संघर्ष तथा समाज के विभिन्न वर्गों के समर्थन के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। प्रशासन की ओर से लाठीचार्ज और दमनात्मक कार्रवाई के बावजूद युवाओं ने संघर्ष जारी रखा, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का स्वागत करते हुए कहा कि अब नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को भी भंग किया जाना चाहिए। साथ ही परीक्षाओं के विकेंद्रीकरण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को वापस लेने की मांग भी दोहराई।

### नार्को डॉग 'ब्रूनो' के साथ चला सर्च ऑपरेशन



करनाल। असंध क्षेत्र में नार्को डॉग ब्रूनो के साथ सर्च ऑपरेशन चलाती हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम।

**करनाल।** हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) द्वारा राज्यभर में नशा तस्करों और नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत ब्यूरो के प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार तथा पुलिस अधीक्षक सृष्टि गुप्ता के दिशा-निर्देशों में करनाल यूनिट ने असंध में विशेष सर्च ऑपरेशन चलाया। करनाल यूनिट के निरीक्षक ऋषिपाल के नेतृत्व में टीम ने नार्को डॉग ब्रूनो और डॉग हैंडलर कांस्टेबल दयाल सिंह के साथ न्यू अनाज मंडी, सालवन रोड स्थित सरकारी स्कूल तथा गांव धनोली के वाटर सप्लाई क्षेत्र के आसपास खाली पड़े खंडहरों, सुनसान कमरों और अन्य संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली। अभियान का उद्देश्य ऐसे स्थानों की पहचान करना था, जहां असामाजिक तत्व नशीले पदार्थों का सेवन या अन्य अवैध गतिविधियां संचालित कर सकते हैं। तलाशी अभियान के दौरान टीम ने सभी संदिग्ध स्थानों की बारीकी से जांच की, लेकिन कहीं भी कोई मादक पदार्थ या अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियान केवल बरामदगी के लिए नहीं, बल्कि नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा करने तथा उन्हें अवैध गतिविधियों से दूर रखने के उद्देश्य से भी चलाए जाते हैं। निरीक्षक ऋषिपाल ने आमजन से अपील की कि यदि उनके आसपास कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, तस्करी या सेवन से संबंधित कोई सूचना हो तो वे बिना किसी भय के हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की हेल्पलाइन 90508-91508, मानस राष्ट्रीय हेल्पलाइन 1933 पर सूचना दे।

### तरावड़ी में बेसहारा पशुओं का बढ़ा आतंक



**तरावड़ी।** शहर में बेसहारा पशुओं का प्रकोप इस कदर बढ़ चुका है कि अब यह आम जनजीवन के लिए एक गंभीर मुसीबत बन गया है। नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते तरावड़ी की सड़कों पर घूमते लावारिस गोवंश और अन्य मवेशी रोजाना हादसों को न्योता दे रहे हैं। शहर का सबसे व्यस्त एवं महत्वपूर्ण सौंकड़ा रोड और रेलवे अंडरपास इस समय दुर्घटनाओं का मुख्य केंद्र बने हुए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों और राहगीरों में भय का माहौल है। शहर को जोड़ने वाले मुख्य रेलवे अंडरपास की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अंडरपास की बनावट ढलान होने के कारण वहां दिन में भी पर्याप्त रोशनी नहीं पहुंच पाती, जिसके चलते चालकों को दिन के समय भी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर गुजरना पड़ता है। समस्या तब और भयावह हो जाती है जब अंडरपास के भीतर लगी स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी रहती हैं। घने अंधेरे के बीच दर्जनों बेसहारा पशु अंडरपास के अंदर रास्ता रोककर बैठे रहते हैं।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने जान लेवा हमलावर पकड़े

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने गांव मांडी में खेत में बने कोठड़े में सो रहे किसान सत्यपाल पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला करने के इसी गांव के निवासी तीन आरोपियों साहब सिंह, परीक्षित व हरीश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों को कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया है। वहीं, थानेदार इसराना हरिराम ने बताया कि थाना इसराना में गांव मांडी निवासी सतपाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### हादसे में संत घायल पुलिस ने जांच शुरू की

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना के पास राजस्थान से आ रही तूडे से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली ने कार को टक्कर मार दी। वहीं, कार इसराना के समीर दास मंदिर के संत छोटू दास, रणबीर दास, उमंग दास और अमन दास सवार थे। हादसे में संत छोटू राम दास घायल हो गए। इधर, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देहरादून में डूबा पानीपत का युवक

**पानीपत।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सहस्त्रधारा के बगड़ा धोरण क्षेत्र में नदी में स्नान करने के दौरान अंकुश तुसाम निवासी ग्राम शिमला गुजरान जिला पानीपत की मौत हो गई। देहरादून पुलिस व एसडीआरएफ ने संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाया कर अंकुश का शव नदी से बरामद किया। इधर, थानेदार मनोज जोशी ने बताया कि अंकुश का शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं अंकुश अपने दोस्तों के साथ सहस्त्रधारा क्षेत्र में घुमने के लिए आया था।

### जंगली बिल्ली से सहमे ग्रामीण

**समालखा।** पानीपत के गांव नामुंडा के रकबे में गन्ने के खेतों में तेंदुआ जैसे दिखने वाले जंगली जानवर देखा गया है। गांव नामुंडा व आसपास के गांवों के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वहीं, समालखा थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया। इधर, वन विभाग के अधिकारी सचिन त्यागी ने बताया कि मौके पर उनकी जांच में तेंदुए के कोई पदचिह्न या अन्य साक्ष्य नहीं मिले। टीम को एक जंगली बिल्ली दिखाई दी, जिसका वीडियो भी बनाया गया है।

### ग्राहक पंचायत ने बैठक की

**पानीपत।** पानीपत में उग्राखेडी मोड पर स्थित देवश्री ओवरसीज में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, पानीपत की बैठक उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री नवीन जैन के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष विजय अरोड़ा जी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 31 अगस्त तक चलाए जाने वाले राष्ट्रव्यापी वार्षिक सदस्यता अभियान के तहत सदस्य बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना बनाई गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत सचिव प्रमोद कुमार, संगठन मंत्री राजेश, कोषाध्यक्ष सूरजभान, सह संगठन मंत्री राजेश, संदीप जी, सीए जगदीश, भगवत दयाल , मनोहर, सीएस अमितआदि उपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से गुहार लगाई

**पानीपत।** टीडीआई सिटी वासियों का प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर टीडीआई सिटी को नगर निगम में शामिल करने की मांग की। वहीं मंत्री मनोहर लाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया की सरकार इस मामले पर संज्ञान लेगी तथा जल्द इस समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर विनोद टंडन, सुनील चिंदा, विवेक तोमर, यश गर्ग आदि उपस्थित रहे।

### बिजली चोरी करने वालों पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

**पिहोवा।** बिजली विभाग के एसडीओ प्रिंस बुरा ने कहा कि चोरी रोकने के लिए विभाग पूरी तरह से गंभीर है। एक महीने के दौरान 50 के लगभग चोरी के मामले पकड़े गए हैं। जिन पर 15 लाख रुपये का जुमार्ना किया गया है। एसडीओ प्रिंस ने कहा कि जिन लोगों के बिजली के बिल बकाया है। उनसे भी संपर्क किया जा रहा है। बिल भरने के लिए अब यूपीआई, नेट बैंकिंग सहित कई तरह के डिजिटल प्लेटफार्म निगम की ओर से उपभोक्ताओं के फोन पर उपलब्ध कराए गए हैं।

कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन बन चुका

मन की बात' केवल संवाद नहीं, विकसित भारत का संकल्प है: कृष्ण लाल

# पंचायत विकास मंत्री ने भाजपाइयों के साथ मोदी के मन की बात सुनी



**पानीपत।** पंचायत विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार, भाजपाइयों के साथ मोदी के मन की बात सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को अपने मडलौडा स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ सामूहिक रूप से सुना। वहीं, मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम आज देश के करोड़ों नागरिकों के लिए प्रेरणा, जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। यह कार्यक्रम केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का एक प्रभावी अभियान है। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री समाज के उन गुमनाम नायकों, नवाचारों और जन आंदोलनों को राष्ट्रीय पहचान दिलाते हैं, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### कारगिल विजय दिवस पर वीरों को नमन किया



**पानीपत।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने रविवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पानीपत जिले के इसराना विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या-127 पर पूर्व सैन्य अधिकारियों व सैनिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। कार्यक्रम के दौरान कारिगल के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इधर, डॉ अर्चन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन बन चुका है। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन ज्योति शर्मा, धर्मपाल जागलान, पंचायत समिति चेयरमैन हरपाल मलिक, सतबीर पांचाल, ईश कुमार राणा, कैप्टन प्रताप सिंह, सुबेदार मेजर डॉ. सतबीर सहरावत, सुबेदार अजीत कुंडू, सुबेदार शमशेर सिंह कुंडू, हवलदार रणबीर जागलान, हवलदान राजबीर जागलान, हवलदार हरकेश कुमार, हवलदार राजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### पीएम हर महीने जनता के साथ मन की बात करते है

**पानीपत।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने हुडा सेक्टर-12 के बूथ नंबर 173, 174, 175 पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। वहीं, नवीन भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री हर महीने देश की जनता के साथ मन की बात करते है और देश के कोने कोने से जो हमारी उपलब्धियां है उनके बारे में जिक्र किया जाता है। इस अवसर पर चेतन तनेजा (दक्षिण मंडल अध्यक्ष), सुमित वीरमणि, संदीप दहिया , हिमांशु वीरमणि उमेश, पुनीत एवं प्रविंद कुमार तनेजा मौजूद रहे।

### मन की बात का प्रसारण किया

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण रविवार को पानीपत शहरी विधानसभा के अंतर्गत वार्ड नंबर 20 के पार्षद तरुण गांधी के कार्यालय में सुना गया। इस अवसर पर मॉडल टाउन मंडल के अंतर्गत आने वाले बूथ नंबर 123, 124 और 125 के संजय कटारिया, मुनीष जावा, मिसांक भाटिया, वरुण वधावन, अमन वधवा आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा

# रेलवे अंडरपास निर्माण में खामियां मनाना के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया



**पानीपत।** गांव मनाना के ग्रामीण प्रदर्शन करते हुए।

**अंडरपास का निर्माण कार्य आठ माह में पूरा करने का आश्वासन दिया गया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

समालखा के मनाना-नरायणा रेलवे फाटक पर निर्माणाधीन अंडरपास के कार्य की धीमी गति और बदले गए लेआउट प्लान से गांव मनाना के निवासी नाराज है। वहीं रोषित मनाना के ग्रामीण रविवार को फाटक के पास एकत्र हुए और उन्होंने अंडरपास के निर्माण कार्य में हो रही देरी और लेआउट प्लान में बदलाव के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इधर, गांव मनाना की सरपंच के पति प्रवीण, दलबीर, भगवान दास, प्रवीण सरपंच पति, मनाना चांद राठी, दिलबाग काला, वीरेंद्र, नरेंद्र राठी, अनुपम आर्य ने बताया कि ठेकेदार द्वारा गत वर्ष दस मई को शुरू हुए अंडरपास का निर्माण कार्य आठ माह में पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। जबकि निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अंडरपास की ऊंचाई भी कम है। अंडरपास से गन्ने और अन्य कृषि उपज से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का निकलना मुश्किल होगा। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि लेआउट प्लान में मनाना रोड और नरायणा रोड दोनों ओर मार्ग प्रस्तावित था, लेकिन बाद में लेआउट में बदलाव कर मनाना रोड की ओर जाने वाला मुख्य रास्ता बंद कर दिया गया।

### गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही

उन्होंने बताया कि लेआउट बदलने के कारण नगर परिषद समालखा की वैध राजीव कॉलोनी, वार्ड-17 सहित मनाना, खलीला और आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होगी।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि अंडरपास की ऊंचाई बढ़ाने और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए ओवरब्रिज निर्माण की भी मांग को लेकर वे, विधायक मनमोहन भडाना, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिलेंगे।

# विश्वकर्मा समाज के विधायक चंद्र प्रकाश का अभिनंदन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** विश्वकर्मा समाज के गणमान्य नागरिक विधायक चंद्रप्रकाश को स्मृति

आदमपुर के विधायक एवं कांग्रेस ओबीसी विभाग के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश का गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के सभागार में विश्वकर्मा समाज द्वारा अभिनंदन किया गया। विश्वकर्मा समाज के वरिष्ठ जनों ने पगड़ी, शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चंद्रप्रकाश ने विश्वकर्मा समाज के लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वकर्मा समाज मेरा परिवार है। मेरे परिवार के लोगों को समय के साथ एकजुट होकर अपनी शक्ति को दिखाना होगा। समाज की एकजुटता से ही अपने अधिकारों को प्राप्त किया जा सकता है। श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के संरक्षक रोशन लाल धीमान, विनोद पांचाल, प्रधान राजकुमार पांचाल, सुभाष जांगड़ा, सतीश धीमान, कश्मीरी लाल धीमान, कालूराम धीमान, रामपाल धीमान, पालेराम धीमान, डॉ. धर्मपाल पांचाल, महिला प्रधान सरोज जांगड़ा आदि ने विधायक चंद्रप्रकाश का स्वागत किया।

### ज्ञान का उत्सव है गुरु पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गुरु पूर्णिमा पर श्रीश्री रवि शंकर ने कहा कि यह दिन ज्ञान, प्रेम, कृतज्ञता और आत्मचिंतन का पर्व है। पूर्णिमा का चंद्रमा पूर्णता और उत्सव का प्रतीक है। इस अवसर पर व्यक्ति को अपनी उपलब्धियों के लिए कृतज्ञ होने के साथ भविष्य के लिए संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु तत्व जागृत होने पर चेतना में ज्ञान जीवंत होता है और व्यक्ति समस्त सीमाओं से ऊपर उठकर एकात्मता का अनुभव करता है। माता को प्रथम गुरु बताते हुए उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर यह चिंतन करना चाहिए कि ज्ञान प्राप्त करने से पहले हम कहां थे और आज कहां हैं।

# शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी निष्पक्ष, जवाबदेह बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनेलो राष्ट्रीय सचिव डॉ. नवीन नैन भालसी ने देशभर के छात्रों एवं युवाओं को अपने अधिकारों के लिए सफल आंदोलन चलाने की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री पद से धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भारत के युवाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों, जनभागीदारी और शांतिपूर्ण संघर्ष की सामूहिक जीत है। उन्होंने कहा कि देशभर के छात्रों, युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों तथा लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास रखने वाले प्रत्येक नागरिक के धैर्य, संघर्ष और एकजुटता ने यह सिद्ध कर दिया है कि लोकतंत्र में जनता की शांतिपूर्ण आवाज सबसे बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि अब आवश्यकता इस बात की है कि देश की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं जवाबदेह बनाया जाए। भर्ती परीक्षाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा छात्रों से जुड़े सभी विषयों पर समयबद्ध सुधार लागू किए जाएँ, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र को अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर न होना पड़े।



डॉ. नवीन नैन भालसी



### इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष बनी अलका भाटिया

**पानीपत।** इनर व्हील क्लब पानीपत, जिला 308 की नव नियुक्त अध्यक्ष अलका भाटिया ने अपनी टीम के साथ जनसेवा की शपथ ली। वहीं, अलका भाटिया ने कहा कि पद सम्मान नहीं, बल्कि सेवा का सबसे बड़ा अवसर होता है। वे क्लब के अध्यक्ष पद के दायित्व को पूरे समर्पण, ईमानदारी से निभाएगी। वहीं, समारोह में मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरिता लुनानी ने अलका व उनकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इनर व्हील के वैश्विक लक्ष्यों और महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए क्लब के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला 308 की अध्यक्ष किरण जैन, मीनाक्षी एस आनंद, पूजा गोयल, नीलू वालिया, मंजू शर्मा, अनुपम जैन, शशि किर, अनुराधा कालरा, माला अवस्थी, नीरू गुगलानी, डॉ. गीता गुप्ता, डॉ. अनु कालरा, अनीता कपूर, अंजलि डेलोरी ने अध्यक्ष अलका भाटिया, उपाध्यक्ष अमिता ढींगरा, सचिव अनीता शर्मा, कोषाध्यक्ष आकांक्षा जैन, आईएसओ भूमिका गुप्ता, संपादक रंजू ढींगरा, सह सचिव मोनिका जैन को पदभार ग्रहण करवाया और बधाई देते हुए उपरोक्त के लिए प्रभु से उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# यूरोपियन यूनियन की तर्ज पर एकजुट हों दक्षिण एशियाई देश: राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गांधी ग्लोबल फैमिली के महासचिव व कानूनविद् राम मोहन राय ने कहा कि दक्षिण एशियाई देशों भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और अन्य पड़ोसी देशों के बीच भी यदि विश्वास और सहयोग का वातावरण बने तो करोड़ों लोगों का जीवन सरल हो सकता है। कानूनविद् राम मोहन राय यूरोप महाद्वीप के देशों के यात्रा पर है। राय ने हरिभूमि को यूरोपिय देशों की रेलगाड़ियों से यात्रा करने के जर्मनी से भेजे गए संदेश में बताया कि प्रथम व द्वितीय विश्व युद्ध का मुख्य केंद्र यूरोप महाद्वीप के देश ही रहे थे। वहीं, समय बीता और अपने देशों की तरक्की व शांति के लिए अधिकतर यूरोपियन देश एकजुट हो गए, उन्होंने यूरोप यूनियन का गठन किया और शेंगेन वीजा, अनेक देशों में साझा मुद्रा यूरो और बिना रोक-टोक आवागमन ने पूरे यूरोप को शांति, सहयोग और आर्थिक विकास का उत्कृष्ट उदाहरण बना गया।

### करोड़ों लोगों का जीवन सरल हो सकता है



राय ने कहा कि यदि यूरोप यूनियन की तर्ज पर दक्षिण एशियाई देशों भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और अन्य पड़ोसी देश एकजुट होकर अपनी यूनियन बनाए तो यह क्षेत्र तेजी से तरक्की करेगा और भूखमरी, अशिक्षा, आंतकवाद, जैसे समस्याओं का स्थाई हल हो जाएगा और इन देशों में सुख और समृद्धि आ जाएगी। दक्षिण एशियाई देशों को कटु इतिहास को पीछे छोड़कर यूरोप यूनियन की तर्ज पर नई शुरुआत करनी चाहिए। भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और अन्य पड़ोसी देशों के बीच भी यदि विश्वास और सहयोग का वातावरण बने तो करोड़ों लोगों का जीवन सरल हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### बाबा श्याम के दर्शन किए

पानीपत। बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। कषना देवी ने नारियल फोडकर बस को रवाना किया और भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर बाबा श्याम सेवा समिति के प्रधान पवन कंसल, विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र ईंशा, गोबिंद सैनी, अजय ठाकुर, ललित मित्तल आदि उपस्थित रहे।

### एलसीएफ अध्यक्ष का स्वागत किया

**पानीपत।** हरियाणा लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन लिमिटेड हरियाणा के अध्यक्ष देवेंद्र पांचाल का मॉडल टाउन स्थित दी पानीपत डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन के कार्यालय में अध्यक्ष कर्ण सिंह पसीना व वाइस चेयरमैन विक्की शर्मा ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जसविंदर सिंह, रजवंती सिंह, सूरजभान, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### डीएवी क्लस्टर खेल

**पानीपत।** डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल में क्लस्टर स्तरीय क्रिकेट, जूडो एवं कराटे प्रतियोगिताएं हुई। प्राचार्या भव्या शर्मा ने बताया कि डीएवी गन्नौर, हुडा पानीपत, पुलिस लाइन झज्जर, कलानौर, सोनीपत, डीएवी थर्मल, रोहतक, बहादुरगढ़ व समालखा सहित विभिन्न स्कूलों के करीब 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

### योजनाओं का लाभ ले किसान: डीसी

**पानीपत।** पानीपत जिला के किसानों के हितों की सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने किसानों से आह्वान किया है कि वे 31 जुलाई तक अपनी खरीफ फसलों का पंजीकरण 'मेरी फसल मेरा ब्योरा (एमएफएमबी)' पोर्टल पर अनिवार्य रूप से करवा लें। वहीं, किसान हर कल्याणकारी योजना का लाभ अवश्य लें।

### जंगल से लकड़ियां लेने गई नाबालिग लापता

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव चुहड़पुर कलां के पास जंगल में लकड़ियां लेने गई नाबालिग लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अज्ञात पर उसे अगवा करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव चुहड़पुर कलां निवासी नरेंद्र कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की सिमरन 24 जुलाई को सुबह नौ बजे गांव के पास जंगल से लकड़ियां लेने के लिए गई थी।

### जन्मदिन पर पौधे रोपे जरूरमंद बच्चों को भोजन करवाया

**पानीपत।** आरोहण फाउंडेशन के संस्थापक और ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक ने अपने जन्मदिन के अवसर पर झुग्गी बस्ती के बच्चों के साथ केक काटा और हुडा सेक्टर 18 पार्क में पौधरोपण किया।

वहीं, मलिक ने बताया कि बढ़ती गर्मी और ग्लोबल वार्मिंग से बचाव का उपाय केवल पौधरोपण ही है। सभी को पौधे रोपने चाहिए और उनकी जवान होने तक देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर आरोहण फाउंडेशन के सदस्य कला अध्यापक सुरेंद्र राठी, संयोजक संस्थापक उत्सव मलिक, उमेद सिंह, ऋदम धौंचक आदि ने भी पौधे रोपे।

गुरु पूर्णिमा पर पौधे रोपे, जरूरमंदों को चिकित्सा सेवा दी

# गुरु भक्ति के रस में किया सराबोर

- गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भाव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री सोमनाथ धाम आश्रम, गांव निम्बरी में विश्व जागृति मिशन, पानीपत मंडल द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं सेवा भाव के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रधान डॉ. जगजीत आहूजा, हरियाणा प्रभारी आरएन रावल, वरिष्ठ उपप्रधान इंदर चुघ, महामंत्री गिरीश अरोड़ा, रवि आहूजा एवं हरीश खुराना ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात रवि आहूजा द्वारा प्रस्तुत गुरु महिमा से ओत-प्रोत भक्तिमय भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरु भक्ति के रस में सराबोर कर दिया तथा पूरे आश्रम परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। वहीं, कार्यक्रम में पौधे रोपे गए और आहूजा हॉस्पिटल की ओर से डॉ. संदीप के नेतृत्व में जरूरतमंद लोगों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद की अध्यक्षा अंजना गुप्ता, भूपेश अग्रवाल, अमृत चौधरी, भीम दुडेजा आदि उपस्थित रहे।



**पानीपत।** श्री सोमनाथ धाम आश्रम में जरूरतमंदों को चिकित्सा सेवा देते डॉ. संदीप।

## खबर संक्षेप

### जेएनवी में प्रवेश के लिए 31 तक करें आवेदन

**अंबाला।** प्राचार्य पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कौलां अजय कुमार लिमल ने बताया कि विद्यालय के कक्षा छठी के प्रवेश हेतु परीक्षा 2027 के अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक है। चयन परीक्षा की तिथि 28 नवंबर 2026 है। अभ्यर्थी की आयु 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के मध्य होनी चाहिए शैक्षणिक सत्र 2026-2027 में अभ्यर्थी जिले में कक्षा 5वीं में अध्ययन किया होना चाहिए।

### विद्यार्थियों को दी सीपीआर की जानकारी

**अंबाला।** अतिरिक्त नियंत्रक प्रतिमा चौधरी की देखरेख में राजकीय मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल प्रीतनगर अंबाला शहर में पांच दिवसीय सिविल डिफेंस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को सिविल डिफेंस, प्राथमिक चिकित्सा, आग व अग्निशामक यंत्र एवं सीपीआर के बारे जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम सिविल डिफेंस के सहयोग से संपन्न हुआ।

### मुख्यमंत्री अंत्योदय मेले का पात्रों ने उठाया लाभ

**शहजादपुर।** एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना था। साथ ही उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना था। एसडीएम ने बताया कि विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने मेले में अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। उन्होंने कहा कि अंत्योदय मेले के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है।

### शिविर में ग्रामीणों को कानूनों की दी जानकारी

**शहजादपुर।** उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण, नारायणगढ़ के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिवीजन) चितेश गुप्ता द्वारा जारी ड्यूटी रोस्टर एवं दिशा-निर्देशों के अनुपालन में गांव कुराली, स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा सामाजिक सरोकारों से जोड़ना रहा। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता देविंद्र सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों को पॉक्सो अधिनियम (बच्चों का लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम) के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### किसान कांग्रेस संगठन का होगा विस्तार :बवेजा

**कुरुक्षेत्र।** जिला किसान कांग्रेस कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष मधुसूदन बवेजा ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों का गठन शीघ्र किया जाएगा। इसके लिए संभावित पदाधिकारियों की सूची तैयार कर प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तथा हरियाणा प्रभारी को भेजी जाएगी।

# बदलते मौसम में धान की फसल पर बढ़ा झुलसा व पत्ती लपेटक कीट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बदलते मौसम, लगातार बढ़ रही नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच कृषि विभाग ने क्षेत्र में धान उत्पादक किसानों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए, बैक्टीरिया जनित झुलसा रोग (बीएलबी) तथा पत्ती लपेटक (लीफ फोल्डर) कीट के बढ़ते प्रकोप को लेकर सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने किसानों से नियमित रूप से खेतों का निरीक्षण करने तथा शुरुआती अवस्था में ही आवश्यक रोकथाम उपाय अपनाने का आग्रह किया है, ताकि फसल को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। बैक्टीरिया जनित झुलसा रोग में धान की पत्तियों के सिरे और किनारे पहले पीले पड़ने लगते हैं, जो बाद में सूखकर भूरे अथवा सफेद रंग के दिखाई देने लगते हैं। प्रभावित पत्तियों के किनारे लहरदार हो जाते हैं तथा सुबह के समय उन पर पीले रंग की चिपचिपी बूंदें भी दिखाई दे सकती हैं, जो बैक्टीरिया के संक्रमण का संकेत है। किसानों से कहा गया है कि वे केवल कृषि विभाग द्वारा अनुशंसित मात्रा में ही दवाओं का उपयोग करें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में अपने निकटतम कृषि अधिकारी या कृषि विकास अधिकारी से संपर्क करें। विभाग का कहना है कि समय पर निगरानी और वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाकर धान की फसल को इन रोगों एवं कीटों से सुरक्षित रखा जा सकता है।



बराड़ा। धान में पत्ती लपेटक (लीफ फोल्डर) कीट

### पत्ती लपेटक कीट से रहें सावधान

पत्ती लपेटक कीट के प्रकोप में इल्ली पत्तियों को मोड़कर उनके भीतर छिप जाती है और हरे भाग को खुरचकर खाती है। इससे पत्तियों पर सफेद धारियां दिखाई देती हैं और दूर से पूरी फसल झुलसी हुई प्रतीत होती है। कृषि विभाग ने बताया कि प्रारंभिक अवस्था में 20 से 25 मीटर लंबी रस्सी को दो व्यक्तियों द्वारा फसल के ऊपर से खींचने पर लपेटी हुई पत्तियां खुल जाती हैं और इल्लियां नीचे पानी में गिर जाती हैं, जिससे उनका प्रभाव कम किया जा सकता है। यदि कीट का प्रकोप अधिक हो जाए तो विभाग ने अनुशंसित कीटनाशकों का ही प्रयोग करने की सलाह दी है।

### झुलसा रोग दिखाई देने पर खेत में यूरिया सहित नाइट्रोजन का प्रयोग तुरंत बदं करें किसान



कृषि विकास अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि झुलसा रोग दिखाई देने पर खेत में यूरिया सहित नाइट्रोजन उर्वरकों का अत्यधिक प्रयोग तुरंत रोक दें। खेत में खड़े अतिरिक्त पानी की निकासी कर कुछ समय के लिए खेत को सुखाएं और बाद में आवश्यकता अनुसार सिंचाई करें। रोग नियंत्रण के लिए प्रति एकड़ 200 लीटर पानी में 6 ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन तथा 500 ग्राम कॉपर ऑक्सीक्लोराइड मिलाकर छिड़काव करें।इसके अलावा पत्ती लपेटक कीट के प्रकोप में कारटाप हाइड्रोक्लोराईड 4जी जीआर 7.5 किलोग्राम प्रति एकड़ 10 किलो रेत में मिलाकर रोपाई के 30 दिन के बाद प्रयोग करे।

## 16 आरोपियों पर केस दर्ज, अस्पताल निदेशक की शिकायत पर हुई कार्रवाई

# फर्जी जीपीए से कौड़ियों के भाव बेची फिलाडेल्फिया अस्पताल की जमीन

रजिस्ट्री के लिए तैयार की गई थी फर्जी आईडी, राजस्व अधिकारी व रजिस्ट्री क्लर्क का नाम शामिल नही, निगम के कर्मचारी भी साजिश में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। फिलाडेल्फिया अस्पताल का बाहरी दृश्य। फोटो : हरिभूमि

फर्जी दस्तावेजों के जरिए फिलाडेल्फिया अस्पताल व सीएनआई चर्च कंपाउंड की कीमती जमीन बेचने के मामले में अब पुलिस ने 16 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच में यह बात सामने आई की जमीन खरीद फरोख्त के लिए हिमाचल प्रदेश के सोलन से फर्जी पॉवर ऑफ अटॉर्नी तैयार की गई थी। इसके साथ ही नगर निगम के पोर्टल पर भी फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनाकर धोखाधड़ी से 4 रजिस्ट्रियां करवा दी गई। आर्थिक अपराध शाखा पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने यह कार्रवाई फिलाडेल्फिया अस्पताल के निदेशक डॉक्टर सुनील सादिक की शिकायत पर की है। शिकायत में तत्कालीन जिला राजस्व अधिकारी राजेश ख्यालिया और पंजीकरण क्लर्क अंकुश कुमार के भी साजिश में संलिप्त होने के आरोप हैं। मगर पुलिस ने केस में इन्हें अभी आरोपी नहीं बनाया है। अभी पुलिस ने डॉ. सादिक की शिकायत पर पॉवर ऑफ अटॉर्नी होल्डर पंजाब के गोबिंदगढ़ की दशमेश कॉलोनी के सेक्टर-24 ए में रहने वाले जोसेफ विलियम व यूनाइटेड चर्च ऑफ नॉर्दर्न इंडिया की वाइस मॉडरेटर सुनीता रानी व खरीदार सोनीपत के कुमासपुर गांव के बलराज सिंह अंतिल, यमुनानगर के बुड़िया गांव के नवनीत अग्रवाल व करनाल के कोहंड की सिहड़ा कॉलोनी के अंकित व यमुनानगर के करतारपुर वासी दिग्विजय व जगाधरी के सावनपुरी कॉलोनी के जय प्रकाश मल्होत्रा व सोनीपत के कुमासपुर की पूनम व शाहपुर गांव के ऋषि गौड़, सोनीपत की प्रीति शर्मा व अजय, रमेश कुमार, साहिल कुमार को आरोपी बनाया है। इसके अलावा धूलकोट के के राम कुमार व अंबाला शहर के चरखी मोहल्ला के सुखविंद्र सिंह का भी बतौर आरोपी केस में नाम है।

### ऐसे हुआ ठगी का पूरा खेल

पुलिस को दी शिकायत में फिलाडेल्फिया अस्पताल के निदेशक डॉ. सुनील सादिक ने बताया कि मिशन कंपाउंड की संपत्ति का मालिकाना हक चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया ट्रस्ट एसोसिएशन के पास है। उनका आरोप है कि पंजाब के जीरा क्षेत्र में यूनाइटेड चर्च ऑफ नॉर्दर्न इंडिया के नाम से फर्जी संस्था व सिनॉड का आवरण तैयार कर गोबिंदगढ़ के जोसेफ विलियम ने स्वयं को इसका अटॉर्नी घोषित किया। आरोपी ने उप-रजिस्ट्रार सोलन के राम शहर के कार्यालय से जनरल पॉवर ऑफ अटॉर्नी पंजीकृत करवाई थी। इसके बाद डॉ. सादिक ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने 19 मार्च 1971 की ट्रांसफर डीड को आधार पर जमीन की सौदेबाजी कर दी जबकि वर्ष 1993 में ही अंबाला शहर की अदालत ने ट्रांसफर डीड को पूरी तरह से अवैध और शून्य घोषित कर दिया था।

### संपत्ति के चार अलग-अलग करवाएं बैनामे

इसके बावजूद आरोपियों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलीभगत कर कीमती संपत्ति के 4 अलग-अलग बैनामे करवा दिए। इसमें सेल डीड नंबर 555 70 लाख रुपये में प्रीति शर्मा, पूनम व ऋषि गौड़ के नाम व सेल डीड नंबर 556 65 लाख रुपये में बलराज के नाम व सेल डीड नंबर 858 25 लाख रुपये में नवनीत अग्रवाल, अंकित व दिग्विजय के नाम व सेल डीड नंबर 859 25 लाख रुपये में जय प्रकाश मल्होत्रा के नाम करवा दी। डॉ. सादिक का आरोप है कि संपत्ति का कोई आधिकारिक प्लॉट नंबर या प्रॉपर्टी आईडी मौजूद नहीं थी। नगर निगम के कर्मचारियों ने सांठगांठ कर फर्जी प्रॉपर्टी आईडी तैयार करवाई गई। उसके आधार पर ही कथित सौदेबाजी के जरिए मिशन की करोड़ों की जमीन कौड़ियों के भाव से बेच दी। डॉ. सादिक ने सभी आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की है।

# कारगिल युद्ध में जवानों ने राष्ट्रभक्ति का दिया था परिचय



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोग।

- महर्षि दयानंद सरस्वती के आदर्शों को अपनाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शहर के आर्य समाज रेलवे रोड में रविवार को साप्ताहिक वैदिक सत्संग का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ, वेदमंत्रों के उच्चारण तथा भजनोपदेश से हुआ। सत्संग में बड़ी संख्या में आर्यजनों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य एवं आर्य समाज रेलवे रोड के मंत्री के डॉ. विकास कोहली ने कारगिल विजय दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के वीर जवानों ने अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का परिचय देकर देश की सीमाओं की रक्षा की। उनका बलिदान प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें अपने वीर शहीदों के प्रति कृतज्ञ रहकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए तथा युवाओं में अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और देशभक्ति के संस्कार विकसित करने चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. डीपी असीजा ने महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन एवं उनके महान योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि दयानंद ने समाज को अंधविश्वास, पाखंड, जातिगत भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त कराने का महान अभियान चलाया। उन्होंने वेदों के ज्ञान को जन-जन तक पहुँचाया और सत्य, शिक्षा, समानता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का संदेश दिया। असीजा ने कहा कि महर्षि दयानंद का 'वेदों की ओर लौटों' का संदेश अब भी उतना ही प्रासंगिक है। यही संदेश नैतिक, शिक्षित और सशक्त समाज के निर्माण का आधार है। उन्होंने हवन के वैज्ञानिक एवं अध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। सत्संग के अंत में कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## बाजारों से होकर निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालु

**शहजादपुर।** इस्कॉन अंबाला छावनी की ओर से रविवार को यहां भगवान श्री जगन्नाथ की सातवीं विशाल रथ यात्रा निकाली गई। यह रथ यात्रा हरे कृष्ण मंत्र *हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम ,राम-राम हरे हरे * का जाप करते हुए माता बाला सुंदरी मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर मुख्य बाजारों व गलियों से होती हुई से वापिस बाला सुंदरी मंदिर में पहुंची। इस्कॉन अंबाला छावनी से आए प्रचारक गोविंद गिरधारीदास की अध्यक्षता में निकाली गई भगवान जगन्नाथ यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रभु का जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। गोविंद गिरधारी दास ने जगन्नाथ यात्रा के महत्त्व के बारे विस्तार से बताया कि इस यात्रा में भाग लेने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस दौरान हरे कृष्णा,हरे कृष्णा के जाप ने सभी का मन मोह लिया। रथ यात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ की पालकी को स्वयं खींचते हुए नगर की परिक्रमा की। इस रथ यात्रा का नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत भी किया गया। प्रशाद भी बांटा गया।

## शतरंज प्रतियोगिता में मृगावती सदन की नित्या व आराधना ने मारी बाजी

**अंबाला।** एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के ऑडिटोरियम में कक्षा 7 के छात्रों के लिए इंटर-हाउस कैरम और शतरंज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा छात्रों में रणनीतिक सोच, एकाग्रता, निर्णय लेने की क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था।प्रतियोगिता की शुरुआत सुबह 9:00 बजे से 10:30 बजे तक कैरम इवेंट के साथ हुई। इसके बाद सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक शतरंज प्रतियोगिता हुई। सभी चार हाउस के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे कार्यक्रम के दौरान अद्भुत आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया। कैरम मैचों में प्रतिभागियों की सटीकता और सूझबूझ की परीक्षा हुई, जबकि शतरंज प्रतियोगिता ने छात्रों को गंभीर रूप से सोचने, रणनीतिक योजना बनाने और दबाव में सही चाल चलने की चुनौती दी।माहौल बहुत उत्साहपूर्ण रहा क्योंकि छात्र अपने साथियों का हौसला बढ़ा रहे थे और एक-दूसरे के प्रयासों की सराहना कर रहे थे। शतरंज प्रतियोगिता में मृगावती सदन की छात्रा नित्या, आराधना और लड़कों में गुरवंश और अरमान ने प्रथम स्थान, आत्मानंद सदन की गर्ल्स अश्मित, तनिषा और वल्लभ सदन के लड़कों में पार्थ और देव ने द्वितीय स्थान, महावीर सदन की गर्ल्स नंदिका, मन्नत और बॉयज कार्तिक,रिद्धिम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम प्रतियोगिता में मृगावती सदन के लड़के प्रथम, आत्मानंद सदन द्वितीय, वल्लभ सदन तृतीय स्थान पर रहे। गर्ल्स में आत्मानंद सदन प्रथम, वल्लभ सदन द्वितीय, महावीर सदन तृतीय स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता ने न केवल हाउस के बीच आपसी भाईचारे को मजबूत किया।



## रिहायशी भवन से कीमती गहने व 1.74 लाख की नकदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**अंबाला।** अंबाला शहर की गीता नगरी में चोर ने दृष्टिबाधित व्यक्ति रविंद्र कुमार के बंद पड़े मकान के अंदर वाले कमरे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के कीमती आभूषण व 1.74 लाख की नकदी चुरा ले गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित रविंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मूल रूप से मकान नंबर 1953/बी 12 का रहने वाला है। फिलहाल गीता नगरी में किराये पर रह रहा है। वह 90 प्रतिशत दृष्टिबाधित है। दोपहर करीब 12:50 बजे वह अपनी दूसरी गली में बन रहे निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहे मजदूरों को चाय देने गए थे। उस वक्त उनकी पत्नी ड्यूटी पर गई हुई थी। 8 वर्षीय बेटा स्कूल गया हुआ था। घर में कोई न होने के कारण वह मुख्य गेट व अंदर के कमरे पर ताला लगाकर गए थे। 30 मिनट बाद लौटे तो कमरे का ताला टूटा हुआ था। अलमारी से लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण सहित 1 लाख 74 हजार रुपये की नकदी गायब थी। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज में कैद आरोपियों को तलाशने का प्रयास कर रही है।



## भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से आज समाज का हर वर्ग दुखीः भूपेंद्र हुड्डा

**शहजादपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि इनके शासन काल में हर वर्ग दुखी है। इससे पहले यहां पहुंचने पर वरिष्ठ कॉग्रेस नेता व पूर्व सूचना आयुक्त अशोक मेहता की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पूर्व सीएम जोरदार अभिनंदन किया था। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के शासन काल में पूरे प्रदेश में त्राहि_त्राहि मची हुई है। भाजपा ने 2022 में किसान की आय दोगुनी करने की बात कही थी। आय तो नहीं बढ़ी लेकिन लागत दोगुनी हो गई। युवाओं की हालत सबके सामने है। डीजल खाद व कीटनाशक के भाव आसमान छू रहे हैं । स्कूल में मास्टर नहीं हैं। अस्पताल में डॉक्टर नहीं हैं। सरकारी दफ्तरो में कर्मचारी नहीं हैं। सरकार नौकरी दें नहीं रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में प्रति व्यक्ति व निवेश के मामले में प्रदेश देश में नंबर वन होता था। हुड्डा ने कहा कि नारायणगढ़ की जनता ने मेरी अपील पर यंहा से कांग्रेस को जिताकर वरुण को संसद में पहुंचाया था। यहां से विधायक भी कांग्रेस का ही जीता था। उन्होंने कहा कि आप लोग तो कांग्रेस के साथ ही रहे लेकिन विधायक कांग्रेस छोड़ गई। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ वासियों के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं। उन्हें पूरा मान सम्मान मिलेगा सांसद वरुण मुलाना ने कहा कि पूरे देश में किस तरह का माहौल है यह सबको मालूम है। छात्र सड़कों पर हैं। कांग्रेस की भी सरकार रही भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री रहे उस समय किसान मजदूर व्यापारी कर्मचारी हर वर्ग सुखी था। छात्रों का ये गुस्सा एक दिन का नहीं है। छात्रों पर लाठियां चलाकर आंसू गैस के गोले चलाए जा रहे हैं। वरिष्ठ नेता अशोक मेहता ने कहा सांसद वरुण मुलाना की बात करते हुए कहा कि जब वे विधायक थे तब भी लोगों की आवाज उठाई। अब सांसद के नाते वो अंबाला लोकसभा क्षेत्र की समस्याओ के साथ साथ देश के युवाओं की आवाज को संसद में बुलंद कर रहे हैं। इस अवसर पर शीश पाल, अनमोल धमौली, सोम नाथ, युद्धवीर सैनी, चंद्र पाल केसर, संजय बक्शी, अरशद अली, वीपी सिंह राणा, रिंकू बोड़ा खेड़ा, बलवंत सिंह, ऋषि पाल, छत्रपाल, टहल सिंह, प्रेम चंद, जसबीर दहिया राजेश, राम करण, गुरमीत महेंद्र सिंह, जगमाल संजीव दिलदार, जगतार, गुलामदीन सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गुदगुदी संस्था ने रोपे 380 पौधे, 200 किए वितरित

**अंबाला।** सामाजिक संस्था गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा रविवार को दूसरे चरण का पंच दिवसीय पौधारोपण अभियान रवि को संपन्न हुआ। जिला प्रभारी डॉ.संजय गौतम और प्रोजेक्ट इंचार्ज अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चन्द्रमौलि गौड़ के निर्देशानुसार अंबाला शहर क्षेत्र में 22 जुलाई से शुरू किए गए इस अभियान में 160 पौधे रोपित किए गए और 100 वितरित किए गए। पौधारोपण अभियान के दौरान अब तक अंबाला शहर और अम्बाला छावनी में कुल 380 पौधे रोपित करके 200 पौधे वितरित किए गए।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### मंत्री विज ने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सुना कार्यक्रम

# मन की बात से पीएम ने उपलब्धियों का किया जिक्र

प्रधानमंत्री मोदी ने कारगिल विजय दिवस पर बात कर शुरू किया था कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मन की बात कार्यक्रम सुनते मंत्री अनिल विज।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम को साथियों के साथ सुना। कहा कि प्रधानमंत्री हर महीने देश की जनता के साथ मन की बात करते हैं। देश के कोने-कोने से जो हमारी उपलब्धियां है उनके बारे में जिक्र करते है। विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले कारगिल विजय दिवस के बारे में बात की। कारगिल विजय दिवस हमारे लिए बहुत बड़ा दिवस है क्योंकि पाकिस्तान छुपकर हिंदुस्तान पर हमला करने की कोशिश की थी। तब भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के पांव उखाड़ दिए थे। यहां तक था कि पाकिस्तान अपने सिपाहियों के शवों को भी वही छोडक़र भाग गए थे। उन्हें अपना मानने से इंकार कर दिया था। उन मृतक सैनिकों का संस्कार भी भारतीय सैनिकों द्वारा किया गया था। पीएम मोदी ने हर्बल टी की बात की है। चाय का चलन हमारे देश में है। उसके स्थान पर हर्बल टी अगर बदल दी जाती है तो उसके अनेकों फायदे शरीर को मिलते हैं। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी ने बरसात के पानी से धरती के जलस्तर को सुधारने का भी इशारा किया है। बरसात का काफी पानी बह जाता है जिससे जलस्तर लगातार नीचे गिर रहा है।

**ADARSH MAHILA MAHAVIDYALAYA, BHIWANI**
**HANSI GATE, BHIWANI, HARYANA - 127021**
Aided by Government of Haryana, Affiliated to CBLU, Prem Nagar, Bhiwani
Recognized by UGC u/s 2(f) and 12(B), NAAC Accredited
E-mail: recruitmentnts@ammb.ac.in Ph.: 01664-242414, 93069 40790
**REQUIREMENT**
Portal Opening Date: 27.07.2026 Portal Closing Date: 16.08.2026
Online applications are invited from eligible candidates with in 21 days latest by 16.08.2026 on Sanctioned Post of: Laboratory Attendant - 1 General (EWS) on regular basis. Rules for qualification, Pay Scales, Age, Age Relaxation etc. shall be applicable as prescribed by the State Govt./DGHE Rules. No Application will be accepted in offline mode. Application Fee: General (EWS) Category Rs. 1000/-.
One set of application form along with all self-attested testimonials must be submitted each to the Dean of Colleges, CBLU, Bhiwani & DGHE, Shiksha Sadan, Sector-5, Panchkula, Haryana within stipulated period.
No Objection Certificate from the present employer must be attached (if applicable). Incomplete application or application received after due date and time will not be entertained at any cost. The College shall not be responsible for any postal delay. No TA/DA will be paid to the candidates for attending the interview.
For applying and more details kindly visit the college website: https://dev.ammb.ac.in/.
Application fee will not be refunded.
Dr. Alka Mittal
Principal